# अधिसूचना

## उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ

## विज्ञापन संख्याः 06-परीक्षा/2019

## सहायक बोरिंग टेक्नीशियन ( सामान्य चयन )

## प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2019

**ऑनलाइन आवेदन / रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि - 14-08-2019**

**ऑनलाइन शुल्क जमा करना प्रारम्भ होने की तिथि - 14-08-2019**

**परीक्षा हेतु रजिस्ट्रेशन / ऑनलाइन शुल्क / आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि-04-09-2019**

**आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि-11-09-2019**

**विशेष कथन- उपरोक्त विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन व फीस जमा करने की अंतिम तिथि 04-09-2019 तक है। इस तिथि के बाद कोई आवेदन/फीस स्वीकार नहीं होगी। आवेदक अपने आवेदन का प्रिंटआउट तब तक नहीं निकाल सकेगा, जब तक कि उसकी फीस का समायोजन बैंक द्वारा नहीं कर दिया जाता। अतः अभ्यर्थी द्वारा बैंक से शुल्क का समायोजन 04-09-2019 तक अथवा उससे एक सप्ताह के अन्दर अर्थात् 11-09-2019 तक अनिवार्य रूप से करा लिया जाए। इस अवधि में अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में ( Registered Mobile Number, Email, कैटेगरी को छोड़कर ) संशोधन भी कर सकता है।**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या **06-परीक्षा/2019** द्वारा सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2019 के अंतर्गत, मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के नियंत्रणाधीन "**सहायक बोरिंग टेक्नीशियन**" के रिक्त पद वेतन बैण्ड-5200 से 20200, ग्रेड पे-1900 के सदृश्य वेतन बैण्ड मैट्रिक्स लेवल-02 में रिक्त कुल 486 पदों, जिनका अनारक्षित व आरक्षित श्रेणीवार रिक्तयों का विवरण आगे बिंदु-03 की सारणी-01 में दिया गया है, पर ऑफलाइन/ऑनलाइन लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। **अभ्यर्थी कृपया केवल एक ही आवेदन सबमिट करें।**

**( आवेदन शुल्क ) -** ऑनलाइन आवेदन के कैंडिडेट रजिस्ट्रेशन का प्रारूप भरने के बाद भाग-4 में उपरिवर्णित विधि से परीक्षा शुल्क का भुगतान करेंगे। आवेदन हेतु श्रेणीवार निर्धारित शुल्क निम्नानुसार है-

| क्र. सं. | श्रेणी | आवेदन शुल्क | ऑनलाइन प्रक्रिया शुल्क | शुल्क योग ( आवेदन शुल्क + ऑनलाइन प्रक्रिया शुल्क ) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित (सामान्य) | 160.00 | 25.00 | 185.00 |
| 2. | अन्य पिछड़ा वर्ग | 160.00 | 25.00 | 185.00 |
| 3. | अनुसूचित जाति | 70.00 | 25.00 | 95.00 |
| 4. | अनुसूचित जनजाति | 70.00 | 25.00 | 95.00 |
| 5. | विकलांगजन हेतु | —— | 25.00 | 25.00 |

**नोट**- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित, भूतपूर्व सैनिकों एवं महिला अभ्यर्थियों को क्रमांक से 1-4 तक उल्लिखित उनकी मूल श्रेणी के अनुसार शुल्क देय होगा।

1. **उपर्युक्त प्रस्तर-1 से सम्बंधित विभाग में रिक्त सहायक बोरिंग टेक्नीशियन ( सामान्य चयन ) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2019** के कुल 486 रिक्त पदों का विभाग द्वारा प्रेषित अधियाचन में दी गयी सूचना के आधार पर पदवार एवं श्रेणीवार विवरण निम्नवत है-

## (सारणी)

| पद क्रम सं. | विभाग का नाम | पदनाम | वेतन बैन्ड/ वेतनमान/ग्रेड पे | 01 जुलाई, 2019 को आयु (न्यूनतम-अधिकतम) वर्षों में | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | कुल पद | स्थायी/ अस्थायी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | सहायक बोरिंग टेक्नीशियन | 5200-20200 ग्रेड पे-1900/- के सापेक्ष पे मैट्रिक्स लेवल-2 | 18 – 40 | 248 | 101 | 08 | 129 | 486 | स्थायी |
| | **कुल पद** | | | | | | | | **486** | |

**2.** अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक)– उपर्युक्त सारणी–1 में उल्लिखित सहायक बोरिंग टेक्नीशियन के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थी को निम्नलिखित अनिवार्य अर्हताएं (शैक्षिक व अन्य) तथा अधिमानी अर्हताएं आवेदन की अंतिम तिथि तक धारित करना अपरिहार्य है

**(i)** **अनिवार्य अर्हता- (शैक्षिक)**

(एक)– माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो,

(दो)– (क)– राजकीय प्राविधिक केंद्र या राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, लाल डिग्गी पार्क, गोरखपुर द्वारा दिया गया नलकूप मैकेनिक पाठ्यक्रम में प्रमाणपत्र या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई प्रमाण–पत्र अभ्यर्थी के पास होना आवश्यक है;

**या**

(ख)– निम्नलिखित किसी व्यवसाय में सेवा योजन एवं प्रशिक्षण निदेशालय, उत्तर प्रदेश या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दिया गया न्यूनतम दो वर्ष के पाठ्यक्रम का प्रमाणपत्र या राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, भारत सरकार द्वारा दिया गया तीन वर्ष का राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण–पत्र अभ्यर्थी के पास होना आवश्यक है:

(एक)– मशीन मिस्त्री (मशीनिष्ट)

(दो)– फिटर

(तीन)– वायरमैन

(चार)– टर्नर

**(ii)** **अधिमानी अर्हता** – अन्य बातों के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थी को सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जाएगा, जिसने–

1. प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या ,
2. राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो

**3.** **आयु सीमा** – सहायक बोरिंग टेक्नीशियन के प्रश्नगत पदों पर भर्ती हेतु आयु गणना की निर्णायक तिथि 01 जुलाई, 2019 है । उक्त तिथि 01 जुलाई, 2019 को अभ्यर्थी ने 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 40 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न की हो अर्थात् अभ्यर्थी का जन्म 02 जुलाई, 1979 से पूर्व तथा 01 जुलाई, 2001 के बाद न हुआ हो।

**4.** **चयन का आधार** – लिखित परीक्षा (ऑफलाइन/ऑनलाइन)– आयोग सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा– 2019 के अंतर्गत विज्ञापित पदों पर चयन हेतु उक्त लिखित परीक्षा का आयोजन ऑनलाइन भी करा सकता है।

**सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2019** के अंतर्गत विज्ञापित सहायक बोरिंग टेक्नीशियन के पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा उत्तर प्रदेश समूह "ग" के पदों के लिए सीधी भर्ती (रीति एवं प्रक्रिया) नियमावली 2015 दिनांक 11 मई, 2015 और कार्मिक अनुभाग–2 उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या– 04/2017/1/1/2017–का–2 दिनांक 31.08.2017 द्वारा प्रख्यापित "उत्तर प्रदेश अवर स्तरीय" पदों पर सीधी भर्ती (साक्षात्कार का बन्द किया जाना) नियमावली 2017 के अनुसार (ऑनलाइन/ऑफलाइन) आयोजित की जाएगी । उक्त लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम एवं परीक्षा तिथि से यथासमय सूचित किया जायेगा।